# ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही के लिए निर्देश दिए

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर वंदना खोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों तथा ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए।



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर वंदना खोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक के दौरान सदस्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग के पीआर मीणा ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों की विभागवार अनुपालना रिपोर्ट से अवगत कराया। बैठक में शहर की विभिन्न सड़को चौराहों पर लगी हुई ट्रैफिक लाईटों के सुचारू रूप से संचालन जेबरा क्रॉसिंग, लाइनिंग आदि लगवाने हेतु नगर परिषद व नगर विकास न्यास को अपने अपने क्षेत्र में रख-रखाव करने के निर्देश प्रदान किये गये। बैठक के दौरान एडीएम खोरवाल ने जिले से गुजरने वाले नेशनल एवं स्टेट हाईवे व शहरी क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में वाहन को खड़े करने वाले वाहन चालकों को समझाईश कर चालान करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिले में संचालित एवं खनिज क्षेत्र में चल रही ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने हेतु कैम्प आयोजित कर परिवहन पुलिस एवं खनिज विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश प्रदान किये गये। सभी नेशनल एवं स्टेट टोल बूथ पर ही रिफ्लेक्टर टेप लगाने एवं रात्रि में एनएच व अन्य सड़को पर दुर्घटनाओं को रोकने बाबत पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा निराश्रित पशुओं को हटाने के भी निर्देश दिये गये।

बैठक में चर्चा की गई कि शहर की सड़कों और चौराहों पर ऑटो बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं जिनके कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा हमेशा बना रहता है। प्रभारी यातायात ने अवगत कराया कि शहर में ऑटो स्टैंड हेतु 15 जगह चिन्हित कर सूची उपखण्ड अधिकारी को भिजवाई गई है। बैठक में डीटीओ तथा सीडीईओ को स्कूली छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही सीएमएचओ को गुड सेमेरिटन योजना के प्रचार के संबंध में निर्देशित किया गया। सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सालयों को अधिक से अधिक में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में योजना संबंधी बैनर लगाने के निर्देश दिये गये। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि जिला मुख्यालय के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को ट्रेफिक पार्क का भ्रमण करवाया जाकर उन्हे सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जा रही हैं तथा सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं एवं ट्रैफिक पार्क में यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देश दिये गये। आईरेड सॉफ्टवेयर पर प्रविष्टियों का तत्काल निस्तारण, ट्रेक्टर, ट्रोलियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के निर्देश प्रदान किये गये।

■ जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में योजना संबंधी बैनर लगाने के निर्देश दिये गये

यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर चालकों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये व प्रभारी यातायात शाखा द्वारा नो-पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों को जब्त करने के लिए हाईड्रोलिक क्रेन उपलब्ध कराने के लिए नगर परिषद के अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अतिक्रमण हटाए जाने के लिए नियमित रूप से ड्राइव चलाने के निर्देश दिए। आवारा पशु को सड़को से हटाने का अभियान चलाने के संबंध में नगर परिषद को निर्देश प्रदान किये गए।

## रिया राधानी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की बेटी रियां राधानी द्वारा इस्कान के संत स्वामी जयपताका की प्रेरणा से निरन्तर श्रीमद्भागवत गीता का 21 घंटों तक निरन्तर 30 हजार शब्दो की कविता रचने पर वर्ल्ड हार्वर्ड रिकार्ड के विश्व रिकार्ड कायम करने वालों में नाम दर्ज किया जाकर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा चुका है।

निरन्तर अध्ययन करने और उसके पश्चात गीता के 18 अध्यायो की ही तर्ज पर जीत के 18 अध्यायों की 120 पृष्ठ की पुस्तक का सम्पादन व प्रकाशन करने वाली रियां राधानी का अजमेर के प्रमुख सिन्धी मुखियों द्वारा होटल क्रास लेन में आयोजित सिन्धी समाज के कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं सिन्धी समाज के प्रमुख सुरेश सिन्धी, पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी, सिन्धू ज्योति सेवा समिति के अध्यक्ष मंधाराम भिरयानी, तेजभान आसवानी, अजयमेरू सेवा समिति के किशोर विधानी और राजू जोघानी ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपनी आध्यात्मिक पुस्तक जीत के 18 अध्याय की प्रतिलिपि अतिथियों को भेंट की। रियां राधानी ने बताया कि सफलता के लिए निरन्तर परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है।

# कावड़ यात्रियों के लिए विश्राम एवं सुरक्षा की व्यवस्था करे : देवनानी

**अजमेर, (कासं)।** आज प्रातः कावड़ यात्रियों के सुविधा के लगाए गए जलपान एवं विश्राम मंडप का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना, शिव आरती के साथ करते हुए राजस्थान विधान के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि श्रावण मास हिंदू त्योहारों एवम श्रद्धा का माह है, इस माह में शिव भक्त पवित्र सरोवरों से जलभर कर लंबी दूरी तय कर जलाभिषेक करते है। उन्होंने आग्रह किया की कावड़ यात्रियों को मार्ग में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ये सरकार के साथ साथ सनातनियो का भी कर्तव्य है। कावडियो की सेवा मानव सेवा के साथ पुण्य प्राप्त करने का सुगम मध्यम है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए जाए।

मंडप संयोजक शिवांश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति कावड़ यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु रात्रि में पुष्कर पहुंच करअगले दिन प्रातः काल पवित्र पुष्कर सरोवर से जल भरकर शिव के मंदिरों में चढ़ते हैं इस दौरान लंबी दूरी एवं भक्तों की बड़ी संख्या के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसमें प्यास,भूख, गर्मी थकावट प्रमुख है। कावड़ियों की इन्ही समस्याओं को ध्यान रखते हुए शिव भक्तों के परिवार शिवोहम ने नौसर घाटी के नीचे पुष्कर रोड पर शिवोहम मंडप स्थापित किया गया है जिसमें भक्तों को 24 घंटे सात्विक ठंडा पानी, चाय, फल, भोजन के साथ-साथ पांव की थकावट दूर करने के लिए गर्म पानी व प्राथमिक उपचार उपलब्ध रहेगा। इस पंडाल में स्वास्थ्य और सफाई के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार के असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। ये सेवा कार्य पूरे श्रावण मास जारी रहेगा।

■ देवनानी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की कावड़ यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए

इस अवसर पर प्रो. अरविंद पारीक, डॉ राजू शर्मा, डॉ प्रशांत कृपलानी डॉ. सुनीता हरजानी, युगल किशोर, आशीष शर्मा, आशीष खंडेलवाल, रोहित शर्मा, ऋषभ दुबे सीताराम शर्मा, हिम्मत सिंह, राजेश शर्मा, निलेश बेजल, सुनील पारीक, सुनीता पारीक, शिवा गर्ग, अनिल सेन, ज्ञानचंद, देवेंद्र पवार सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## अवैध भट्टीयां हटाकर पेड़ों को बचाने की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के माण्डल, आसीन्द, सहाडा, शाहपुरा, बनेडा, कोटडी सहित समूचे जिले में हजारों अवैध कोयला भट्टीयां जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत, अनदेखी एवं घोर लापरवाही से संचालित हो रही है। अंग्रेजी बबूल की आड़ में नीम, आम, पीपल, बरगद सहित अन्य पेड़ों को प्रतिदिन हजारों की संख्या में अवैध भट्टीयों में झोंककर कोयला बनाया जा रहा है और कोयले को बिना परिवहन अनुमति (ट्रांजिट पास) भीलवाडा से बाहर भेजा जा रहा है।

जाजू ने जिला कलक्टर को पत्र लिखकर कहा कि नए पौधे लगाने के साथ साथ पुराने विशालकाय पेड़ों को बचाने का लक्ष्य होना चाहिए। अवैध कोयला भट्टीयों द्वारा प्रतिदिन दर्जनों कोयले के ट्रकों को फर्जी खसरा नंबर की भट्टी में निर्माण बताते हुए बिना परिवहन अनुमति के भीलवाडा से बाहर परिवहन किया जा रहा है।

# प्रेम प्रकाश आश्रम में सत्संग प्रवचन का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** प्रेम प्रकाश आश्रम ट्रस्ट तेरापंथ भवन के महामण्डलेश्वर स्वामी विशोकानन्द सागर महाराज के नेतृत्व में स्वामी बसंतराम सेवा ट्रस्ट के संस्थापक सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री ने अपने प्रवचनो में संगत को बताया कि मानव जीवन बहुत ही सौभग्यशाली को मिलता है। हमें मानव जीवन काल में ही गुरु के बताये गए मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाकर आवागमन से मुक्ति प्राप्त करनी चाहिये।

प्रेम प्रकाश आश्रम के सन्त स्वामी रामप्रकाश राजू सांई ने बताया कि स्वमी ब्रम्हाननद ने अपने 81 वर्ष के समपूर्ण जीवन काल में गुरु की आज्ञा पालन और गुरु की सेवा में ही अपना जीवन लगाया है। सन्त स्वामी जस महाराज ने बताया कि इस अवसर पर अनेक सन्तो महात्मओ के सत्संग कीर्तन एवं महिला मंडल के भजन के साथ साथ नाचकर झूमकर गुरू पूजन किया गया। संत स्वामी जस ने बताया कि स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री को मुकुट पहनाकर अभिनन्दन किया गया और आर्शीवाद लिया।सत्संग प्रवचनों कीर्तन के आयोजन के प्श्चात आम संगत के लिए लंगर प्रसादी का आयोजन हुआ। प्रेम प्रकाश मंडल के प्रमुख सन्त स्वामी जस महाराज, राजेश लालवानी, रमेश लालवानी ने बताया है कि प्रेम प्रकाश आश्रम के स्वामी बंसन्तराम सेवा ट्रस्ट के संस्थापक व सूरत के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री के सत्संग प्रवचनो का लाईव प्रसारण भी किया गया।

■ मानव जीवन को परमात्मा की भक्ति मार्ग में लगाने से मिलेगी मुक्ति : संत ब्रह्मानंद शास्त्री

## सार-समाचार

### लहरिया व खेलकूद प्रतियोगिता



**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावन लहरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष सुमन पीपलवा ने कहा पदीय दायित्व संभालने के बाद प्रथम सावन लहरिया कार्यक्रम है, इस प्रकार के आयोजन आगे भी किये जायेंगे। महिलाओं व बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोलह सिंगार प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या पाराशर, द्वितीय मोना काछवाल रही। सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम विष्णु सुंदरिया, द्वितीय अर्चना रही। भजन प्रस्तुति में प्रथम किशोरी पाराशर व द्वितीय देवकी खांडल रही। महिलाओं ने राजस्थानी नृत्य कर झूलों पर झूला झूला। कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक, बसंती प्रधान, मंजू, लीना, ललिता, नीलम शर्मा, ममता, अलका, निर्मला, कविता दुबे, नीलम बीना, आभा, ज्योति, अनीता आदि उपस्थित रही। महासभा अध्यक्ष मनीष कौशिक, महामंत्री बालमुकुंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र हरितवाल ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### समन्वय बैठक आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** विभागों में आपसी समन्वय के लिए सोमवार को अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने कहा कि आगामी 3 अगस्त को अंगदान दिवस मनाया जाएगा। इसकी पूर्व तैयारी विभिन्न स्तरों पर की जाए। अंगदान की शपथ दिलाने के लिए आमजन को प्रेरित करें। सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं के ब्लॉक निर्माण के लिए पेड़ों को काटने एवं स्थानान्तरित करने के लिए एनओसी प्राप्त की जाए। जेएलएन चिकित्सालय में सेप्टिक टैंक की सफाई तथा पाइप लाईन के कार्य में तेजी लाने से मरीजों को सुविधा होगी।उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संबंधित विभाग राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार समय पर कार्य आरंभ करने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल की समस्या के समाधान के लिए हैडपम्प खुदाई के कार्यादेश जारी किए गए थे। शेष रहे कार्यों को विवाद रहित कर कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका, एडीए के उपायुक्त भरतराज गुर्जर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### उपकारागृह का निरीक्षण किया

**ब्यावर, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर सचिव महेन्द्र कुमार ढाबी, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजमेर ने उपकारागृह का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने व्यवस्थाएं जांची तथा जेल प्रशासन का आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सचिव ने निरीक्षण के दौरान जेल की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था देखी। निरीक्षण मे मिली कमियों को दुरूस्त करने के लिए उपकारापाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये, साथ ही प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों से संवाद किया। बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकार तथा नालसा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा उपकारापाल को निर्देशित किया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो उसका आवेदन संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करवाऐं ताकि उन्हें अधिवक्ता की निशुल्क सेवाऐं उपलब्ध करवायी जा सके। किसी भी बंदी द्वारा कोई समस्या जाहिर नहीं की गई। कैदियों ने बताया कि उन्हें मीनू अनुसार भोजन दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में 119 विचाराधीन पुरूष बंदी मिले, उपकारागृह में कोई महिला बंदी नहीं थी। निरीक्षण के दौरान उपकारापाल अशोक पारीक व प्रहरी रवि, अजय, धर्मेंद्र, राजेश, महिला प्रहरी पारो आदि मौजूद रहे।

### विधुत आपूर्ति बंद रहेगी

**भीलवाडा, (निसं)।** सहायक अभियंता आर के चंदौलिया ने बताया कि 30 जुलाई को मैन सेक्टर, शास्त्री नगर,शास्त्री नगर विस्तार, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, मोहम्मदी कॉलोनी, सोलंकी टाकीज़ रोड, नीलकंठ कॉलोनी, दादी धाम, कावाखेड़ा, कुमुद विहार-1,2, हरिजन बस्ती, शिवाजी नगर, बापू कॉलोनी, अंबेडकर नगर, एसडीए स्कूल, रहमानियाँ एग्रो, एफ़सीआई गोदाम, नगर परिषद, राजेंद्र मार्ग रेलवे फाटक, मुरली विलास रोड, एलएनटी रोड, काशीपुरी, वकील कॉलोनी, साबुन मार्ग, हरिजन बस्ती, सावरिया बस्ती, विट्टी स्कूल द ग्रीन्स, ओम वाटिका, अरिहंत हॉस्पिटल, नगर परिषद क्वार्टर, गुरुद्वारा, सिंधु नगर, जूनावास, बीएसई मंदिर के आस पास, भोमियों की गली, मेहताब की ताल, बैरवा मोहल्ला, बहाला, नीलगरों की मस्जिद, गुलमंडी, जामा मस्जिद, नागोरी गार्डन, सर्राफ़ा बाज़ार, महावीर पार्क, स्टेशन रोड, सदर बाज़ार, गोल प्याऊ चौराहा, बाज़ार न-2, काबरा गली के आस पास से सम्बंधित क्षेत्रों में प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक विधुत आपूर्ति बंद रहेगी।

### शिवालयों में हुई विशेष पूजा अर्चना

**मसूदा, (निसं.)।** मसूदा उपखंड क्षेत्र में सावन मास के दूसरे सोमवार को शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना की गई शिवालयों में अभिषेक, सहस्त्रधारा सहित अन्य आयोजन आयोजित किए गए।शिवालयों में शिव परिवार का विशेष श्रंगार कर जलाभिषेक किया गया। मसूदा कस्बे के शिव मंदिर सहित कस्बे में स्थित डांगेश्वर महादेव मंदिर उपखंड कार्यालय शिव मंदिर पंचायत समिति कॉलोनी अखाड़े वाले बालाजी मंदिर कुंड की खिड़की वाले बालाजी मंदिर स्थित शिवालयों में जलाभिषेक हुआ पूजा अर्चना का आयोजन किया गया।

# भीलवाड़ा की छात्रा इरम काजी नेशनल टॉपर बनीं

**भीलवाड़ा, (निसं)।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भीलवाड़ा में इरम काजी की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल किया और ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर नेशनल टॉपर के रूप में उभरी हैं. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को संशोधित परिणाम घोषित किए हैं।

इरम की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। उन्होंने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है।

इरम काजी नीट को क्रैक करने के लिए एक साल के क्लासरूम कोर्स में आकाश के साथ शामिल हुईं थीं, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माना जाता है. उन्होंने नीट में शीर्ष परसेंटाइल्स की सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन में उनके प्रयासों को दिया. मैं आभारी हूं कि आकाश ने दोनों में मेरी मदद की है. लेकिन आकाश की सामग्री और कोचिंग के लिए, मैंनें थोड़े समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा, उन्होंने कहा आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने कहा, इरम काजी को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. "हमें इरम की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** जिले के राजस्व मामलों की प्रगति के सम्बन्ध में सोमवार को जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार ने अतिक्रमण हटाने के लिए पर्याप्त पुलिस जाप्ता एसएचओ, उप पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर से उपलब्ध करवाने की बात कही। जिला कलैक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि राजस्व प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करें। भूमि सम्बन्धी नामांकरण समयबद्ध रूप से नियमानुसार करें। पुराने 20 वर्ष से अधिक लम्बित प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। प्रकरण निस्तारण के समय ऑर्डर सीट स्वयं लिखी जानी चाहिए। भू-संपरिवर्तन के प्रकरणों में निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर जांच करें। इन्हें 40 दिन की समय सीमा में निस्तारित करें। इस समय सीमा में प्रकरण को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर प्रकरण निस्तारित करें।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर आशा सहयोगिनियों ने किया प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार को आशा सहयोगिनियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) गजेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर सरकार से मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

■ अतिरिक्त कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करतीं आशा सहयोगिनियां।

अतिरिक्त कलेक्टर सिंह को सौंपे ज्ञापन में आशा सहयोगिनियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों में कार्य के लिए उन्हें नियुक्त किया गया था। पिछले लंबे समय से अपने मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर कई बार आंदोलन भी किए गए, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को आज तक पूरा नहीं किया। आशा सहयोगिनी किरण व रामादेवी ने बताया कि वे गांव-गांव जाकर सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम करती हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बहुत मानदेय कम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में मातृ और शिशु स्वास्थ्य की देखभाल से लेकर टीकाकरण, परिवार नियोजन और विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। इसके बावजूद सरकार द्वारा मात्र 4 हजार 98 रुपए ही मानदेय दिया जा रहा है, जिससे परिवार का गुजारा करना कठिन है। आशा सहयोगिनियों ने ज्ञापन में मांग कीकि आशा सहयोगिनियों को भी न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत लाया जाए और उनके कार्यों की गंभीरता को देखते हुए मानदेय में बढ़ोत्तरी की जाए।

# राजस्थान सरकार द्वारा जारी 17 टेंडर नोटिसों की क्रियान्विति पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## यह आदेश मैसर्स निर्वाण कंस्ट्रक्शन फर्म की याचिका पर माननीय न्यायाधिपति रेखा बोराना की एकलपीठ ने जारी किए हैं

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट मुख्य पीठ जोधपुर की एकलपीठ नें अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक वॉटरशेड सेल कम डाटा सेंटर जिला भीलवाड़ा द्वारा जारी टेंडर नोटिस संख्या 11/2024-25 27/204-24 की क्रियान्विति पर रोक लगाते हुये अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार एवं निदेशक जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग राजस्थान सहित जिला कलेक्टर भीलवाड़ा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद भीलवाड़ा सहित अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक वॉटरशेड सेल कम डाटा सेंटर जिला भीलवाड़ा को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह आदेश मैसर्स निर्वाण कंस्ट्रक्शन फर्म की याचिका पर माननीय न्यायाधिपति रेखा बोराना की एकलपीठ ने जारी किए है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रदीप कलवानिया एडवोकेट एवं एडवोकेट सुशीला कलवानिया ने बताया कि अधीक्षण अभियंता एवं परियोजना प्रबंधक वॉटरशेड सेल जिला भीलवाड़ा द्वारा माह फ़रवरी 2024 में भीलवाड़ा ज़िले के आठ ब्लॉकों यथा पंचायत समिति, बिजोलिया, बनेड़ा,आसिंद, जहाजपुर, कारेडा, मॉडल, माण्डलगढ़, सुवाना में जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण के कार्य करवाने हेतु आठ अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 06/2023-24 से 13/2023-24 जारी की थी तथा उक्त निविदा सूचना में याचिकाकर्ता सहित अन्य तीन फर्मों ने ऑनलाइन भाग लिया था जिसमें याचिकाकर्ता की फ़र्म सहित अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्मों की बोलियों का तकनीकी व आर्थिक मूल्यांकन किया गया जिसमें याचिकाकर्ता फ़र्म की बोली सबसे कम पाए जाने पर निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा याचिकाकर्ता को कार्य आदेश जारी करने की अनुशंसा की तथा अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग भीलवाड़ा द्वारा याचिकाकर्ता को दिनांक 28 व 29 फ़रवरी 2024 को पत्र जारी कर सिक्योरिटी डिपॉज़िट एवं स्टॉम्प ड्यूटी आदि जमा करवाने हेतु निर्देशित किया जिसकी पालना में याचिकाकर्ता राशि जमा कराने दो उपस्थित हुआ लेकिन सिक्योरिटी राशि जमा करने से इंकार कर दिया और किसी अजनबी व्यक्ति की शिकायत पर जिला कलक्टर भीलवाड़ा के आदेश से मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं लेखाधिकारी जिला कलेक्टर कार्यालय भीलवाड़ा से जाँच करवा कर टेंडर प्रक्रिया में प्रक्रियात्मक कमियां बताते हुए याचिकाकर्ता के टेंडर को निरस्त करने हेतु अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं संरक्षण विभाग भीलवाड़ा को दिनांक 19.06.2024 को पत्र जारी कर दिया। तथा याचिकाकर्ता व अन्य फर्मों उक्त टेंडर को निरस्त की सूचना नहीं दी जाकर अपने पसंदीदा फ़र्म को अनुचित लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से टेंडर की शर्तों में बदलाव करते हुए पुनः नए सिरे से 19 समान कार्यों के नए टेंडर नोटिस जारी कर दिए जिसके तहत दिनांक 29 जुलाई 2024 तक नए सिरे से टेंडर हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित की जा रहे है।

■ राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की एकलपीठ ने एडवोकेट प्रदीप कलवानिया की दलील पर नए टेंडर नोटिसों की क्रियान्विति पर रोक लगाकर को राहत दी है

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रदीप कलवानिया एडवोकेट ने बताया कि अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग भीलवाड़ा द्वारा पूर्व टेंडर निरस्तीकरण के संबंध में कोई भी सूचना व नोटिस नहीं दिया गया और नहीं निरस्तीकरण बाबत कोई भी सूचना टेंडर प्रक्रिया में बोली लगाने वालों को दी गई।

## बाल लीलाओ व वृन्दावन का वर्णन सुनाया

**अजमेर, (कासं)।** अजयनगर हिलटॉप साई मनोहरदास आश्रम में चल रही सिन्धी भाषा में श्रीमदभागवत कथा में सोमवार को कथा वाचक सन्त स्वामी बलराम द्वारा श्री कृष्ण द्वारा गोपियो को परेशान करने, माखन चोरी करने, साथियों के संग बाल लीलाओं का कथा के माध्यम से सांकेतिक तरीके से श्रीकृष्ण की झांकी बनवाकर वर्णन किया गया।

कथावाचक सन्त बलराम ने श्रीकृष्ण के वृन्दावन जाने का वृतान्त भी समझाया गया और जिस किसी भी परिवार में श्रीरामायण का पाठ होता और कथा का श्रवण किया जाता है, उस परिवार के लोग एवं बच्चे संस्कारवान होते है। ऐसे परिवार के माता-पिता को वृद्धाश्रम में जाने का अवसर नहीं आता है। श्री कृष्ण की बाल लीलाओ और माखन चोरी की व साथियों के साथ घरों में आकर चोरी छुपके से मटकियां फोडने एवं परेशान करने की शिकायतें गोपियों के द्वारा माता यशोदा को करने का भी में बखान किया गया। सन्त बलराम ने सिन्धी भाषा में बताया कि सनातन धर्म में शब्दो का अर्थ उन्ही में समाया हुआ होता है। संत बलराम सिन्धी भाषा में श्रीमद्भागव कथा का वाचन कर धर्म का प्रचार कर रहे हैं।

# मृदा संरक्षण प्रशिक्षण हेतु पीपलांत्री के लिए किसानों का दल रवाना

## किसानों को प्रशिक्षण केन्द्र पीपलांत्री में प्रशिक्षण दिया जायेगा

**मसूदा, (निसं.)।** मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र के किसानों का एक दल पिपलांत्री के लिए रवाना हुआ।जलग्रहण विकास एवं भू. सं. विभाग पंचायत समिति मसूदा के सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत किसानो को तीन दिवसीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस भ्रमण में किसानो को जलग्रहण प्रबंधन प्रशिक्षण केन्द्र पीपलांत्री (राजसमंद) में प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमे किसानो को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ाव, कृषि, जल, मृदा संरक्षण की नई तकनीक की जानकारी दि जाएगी। बता दे की पीपलांत्री ने पर्यावरण संरक्षण में एक अलग ही पहचान बनाई है।

■ जलग्रहण विभाग द्वारा सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दल को किया रवाना




दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इसी आधार पर जब सहायक अभियंता ने पिपलांत्री के बारे में किसानो को बताया तो किसानो में पीपलांत्री जाने की जिज्ञासा जाहीर कि एवं अधिक से अधिक सख्यां में पीपलांत्री में प्रशिक्षण के लिए सहमति जताई।

इस प्रशिक्षण में योजना में चयनित चार जलग्रहण समिति सतावडिया, देवमंगरी, बेगलियवास, जामोला के कुल चयनित 10 गावो के काश्तकारों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। साथ ही किसानो ने यह भी अवगत कराया कि जलग्रहण विभाग द्वारा परियोजना में बहुत ही अच्छे कार्य करवाये है जिससे उनके गांवों में जल व मृदा संरक्षण भी हुआ है गांव वालो ने कायी की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इस प्रशिक्षण में जाने से पहले ही प्रशिक्षण को ध्यानपूर्वक करने एवं उसे आपके निजी जीवन में उतारने का लक्ष्य लिया।

